1-4(77) A.C.P/PREMOTION

**E-MAIL/समयबद्ध**

प्रेषक,

निदेशक मत्स्य
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

1–समस्त उप निदेशक मत्स्य,उ0प्र0।
2–समस्त सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी
मत्स्य पालक विकास अभिकरण,उ0प्र0।

संख्याः– /स्था0शा0/1–4(77) दिनांकः–28/10/2021

विषयः– **चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ) के कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी (समूह–ग) के निम्नतम श्रेणी के लिपिकीय पदों (कनिष्ठ सहायक) पर पदोन्नति किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विभाग में मत्स्य निदेशालय एवं क्षेत्रीय स्तर के समूह–ग कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया में है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यालय लिपिक वर्गीय समूह–ग के निम्नतम श्रेणी के पद (पदोन्नति द्वारा भर्ती) नियमावली,2001 के प्राविधानानुसार अपने मण्डल/जनपद के अर्न्तगत विभाग में पदस्थ ऐसे चतुर्थ श्रेणी (समूह–घ) के कार्मिकों, जो हाईस्कूल अथवा उसके समकक्ष योग्यता तथा टंकण ज्ञान रखते हो एवं जिन्होने उक्त पद पर दिनांक 01.07.2021 (चयन वर्ष 2021–22) को पांच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हों अथवा इन्टरमीडियट या उसके समकक्ष योग्यता तथा टंकण ज्ञान रखते हो एवं जिन्होने उक्त पद पर दिनांक 01.07.2021 को पांच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो। पदोन्नति हेतु पात्र होगें।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 01.07.2021 को पात्रता में आने वाले समस्त इच्छुक चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन–पत्र एवं गत 10 वर्षो की चरित्र प्रविष्टिया इस कार्यालय को विलम्बतम दिनांक 15.11.2021 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**संलग्नकः– आवेदन पत्र का प्रारूप।**

भवदीय

**(डा0 हरेन्द्र प्रसाद)**
उप निदेशक मत्स्य(मुख्या)
कृते निदेशक मत्स्य,उ0प्र0 लखनऊ।

**संख्याः–3852/स्था0शा0/1–4(77) उक्तः दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्न लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1– मत्स्य निदेशालय,उ0प्र0 लखनऊ में पदस्थ समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त शैक्षणिक योग्यता एवं टंकण ज्ञान रखने वाले इच्छुक कर्मचारीगण अपने आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर निर्धारित अवधि के अन्दर प्रशासनिक अधिकारी(स्था0शा0) मुख्यालय को उपलब्ध करा दे।
2– प्रशासनिक अधिकारी(स्था0शा0) मुख्यालय।
3– श्री अंशुमान सिंह,वेब आफिसर/वरिष्ठ सहायक,मुख्यालय को विभागीय वेब साइट पर डालने हेतु।
4– निदेशक मत्स्य,उ0प्र0 के वैयक्तिक सहायक,मुख्यालय।
5– निदेशालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

28/10/2021

**(डा0 हरेन्द्र प्रसाद)**
उप निदेशक मत्स्य(मुख्या)
कृते निदेशक मत्स्य,उ0प्र0 लखनऊ।